दिनांकः 29.08.2026 समय: 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह उज़्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की चार दिन की यात्रा पर रवाना हुए। रवाना होने से पहले दिए श्री मोदी ने बयान में कहा कि हाल के वर्षों में भारत-उज्बेकिस्तान रणनीतिक साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि वे उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शफकत मिर्जियोयेफ के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा तथा ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा होगी। साथ ही विकसित भारत और यांगी उज्बेकिस्तान के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने पर विचार विमर्श किया जाएगा। श्री मोदी ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि किर्गिज गणराज्य के राष्ट्रपति सदुर जापारोव के निमंत्रण पर वे बिश्केक में 26वें शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।

000

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के साथ ही चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। विभिन्न जिलों में प्रत्याशियों के नामांकन के साथ मतदाता जागरूकता और निर्वाचन संबंधी तैयारियां भी जारी हैं। ब्यावर में देलवाड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विद्यार्थियों ने वोट आकृति की मानव श्रृंखला बनाकर मतदान का संदेश दिया। पाली में नगर निगम के 65 वार्डों के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। प्रत्याशियों की सुविधा के लिए पांच जोन में हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। हनुमानगढ़ में जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनावी खर्च की दर सूची जारी की है। नगर परिषद पार्षद प्रत्याशी अधिकतम ढाई लाख रुपये और नगरपालिका पार्षद प्रत्याशी डेढ़ लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे। सोशल मीडिया प्रचार और अन्य प्रचार सामग्री का खर्च भी चुनावी व्यय में शामिल होगा।

000

राष्ट्रीय खेल दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है। देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस अवसर पर तीन दिन का राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस की थीम 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' रखी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारतीय हॉकी की श्रेष्ठतम प्रतिभा के रूप में मेजर ध्यानचंद आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश में विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अजमेर के कई स्कूलों में अनेक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। भरतपुर के लोहागढ़ स्टेडियम में बैडमिंटन, कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताएं हुईं। एमएसजे खेल मैदान में मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि दी गई।

000

हॉकी इंडिया ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स में आयोजित एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहने के लिए भारतीय महिला टीम को पचास लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। भारत ने गुरूवार को एम्स्टेलवीन में जर्मनी को 3-1 से हराया था। वर्ष 1974 में पहले विश्व कप में चैथे स्थान पर रहने के बाद से यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में केवल एक मैच गंवाया।

000

प्रदेश में मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने से शुक्रवार को कहीं भी बारिश दर्ज नहीं हुई। यह मानसून के दौरान प्रदेश में पहला सूखा दिन रहा। बारिश नहीं होने और तेज धूप के कारण कई शहरों में तापमान बढ़ा। जयपुर, टोंक और अलवर

सहित 15 शहरों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में तापमान 40 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार मानसून की कमजोर गतिविधियों से प्रदेश के 17 जिलों में सूखे जैसे हालात बन रहे हैं। पाली में सबसे कम बारिश दर्ज हुई है। जालोर, बांसवाड़ा, जैसलमेर और उदयपुर भी कम बारिश वाले जिलों में शामिल हैं। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सितंबर के पहले सप्ताह में नया मौसम तंत्र बनने की संभावना है। इसके प्रभाव से 4-5 सितंबर से प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय हो सकता है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 137वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

000